आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार एकांश

दिनांक 18.10.2024 **समय: 2.10 PM**

सर्वोच्च न्यायालय-बाल विवाह

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बाल विवाह निषेध अधिनियम को व्यक्तिगत कानूनों द्वारा बाधित नहीं किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा है कि बाल विवाह जीवन साथी स्वंय चुनने की इच्छा का उल्लंघन करते हैं। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने देश में बाल विवाह की रोकथाम कानून के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिशा निर्देश भी जारी किए।

मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि व्यक्तिगत कानूनों को बाल विवाह रोकने के उद्देश्य से बनाए गये राष्ट्रीय कानून के कार्यान्वयन में बाधा नहीं बनना चाहिए। सम्बद्ध अधिकारियों को बाल विवाह की रोकथाम और नाबालिगों की सुरक्षा करते हुए अंतिम उपाय के रूप में अपराधियों को दंडित करना चाहिए।

पन्ना हवाई पट्टी

पन्ना जिले मे स्थित सकरिया हवाई पट्टी के लोकार्पण से अब पन्ना में भी हवाई सेवा की सुविधा मिल सकेगी। फॉल्कन एविएशन अकादमी द्वारा यहां पायलट प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किया जाएगा। हवाई पट्टी सकरिया की रूद्रगढ़ के नाम से अलग पहचान भी स्थापित होगी। गौरतलब है कि हवाई पट्टी का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह और पूर्व सांसद हमीरपुर अशोक सिंह चंदेल ने किया । इस अवसर पर बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि छोटे जिले पन्ना में हवाई पट्टी के बेहतर स्वरूप में संचालन से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

संस्कृत स्पर्धाएं

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में चल रहे अखिल भारतीय युव महोत्सव में शैक्षिक- सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा स्पर्धाओं के दूसरे दिन छात्र एवं छात्राओं ने दौड़ ,खो-खो, कबड्डी, ऊंची कूद ,लंबी कूद, गोला फैक आदि प्रतियोगिताओं में अपने कौशल का प्रदर्शन किया जबकि एकक संस्कृत गीत एवं समूह नृत्य की प्रतियोगिताओं में भी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर रूचि दिखाई । इन स्पर्धाओं में हरियाणा, राजस्थान, चोटीपुरा, मथुरा, नई दिल्ली और भोपाल सहित 9 परिसर शामिल हैं। दूसरे दिन लगभग 16 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

खाद वितरण

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश में कहीं भी किसानों को खाद की समस्या उत्पन्न न हो। किसानों को व्यवस्थित

तरीके से खाद का वितरण सुनिश्चित किया जाये। श्री कंषाना ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी खाद की कालाबाजारी नहीं हो। व्यापारियों द्वारा खाद को डंप करके न रखा जाये। उन्होंने ऐसा करते पाए जाने पर जिलों में पदस्थ उप संचालक कृषि को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

क्रिकेट भारत न्यूज़ीलैंड

न्यूज़ीलैंड की टीम भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की पहली पारी में आज 402 रन पर ऑलआउट हो गई है। टीम ने 356 रन की बढ़त हासिल की। भारतीय टीम अपनी पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट हुई थी। आज तीसरे दिन न्यूज़ीलैंड ने 3 विकेट पर 180 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था । भारत की और से रविन्द्र जडेजा और कुलदीप यादव को 3-3 विकेट मिले.

मौसम

प्रदेश में मौसम के मिजाज़ फिलहाल बदले रहेंगे. मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश एवं उत्तरी तटीय तमिलनाडु के ऊपर एक लो प्रेशर एरिया है। यह आगे बढ़ेगा और डिप्रेशन में बदल जाएगा। इसका असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिलेगा। इसके अलावा दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन भी सक्रिय हैं। हालाँकि ग्वालियर, पचमढ़ी, रीवा और राजगढ़ में रातें सर्द होने लगी हैं। यहां रात का पारा 19 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया है। भोपाल-इंदौर में टेम्प्रेचर 21-22 डिग्री है। दिवाली तक प्रदेश के ज्यादातर शहरों में रातें ठंडी हो जाएंगी

समाचार संक्षेप

1. उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2024-25 के लिए विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति-जनजाति और दिव्यांग श्रेणी के शोधार्थियों से पीएचडी शोध छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र 18 नवंबर तक जमा कर सकेंगे।
2. शिवपुरी जिले में लोक सेवा गारंटी प्रकरणों में समय सीमा में निराकरण न करने पर तीन तहसीलदार और एक सीएमओ को नोटिस जारी किए गए हैं ।
3. नर्मदापुरम जिले के शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में इंडियन ग्रामीण सर्विसेज द्वारा विद्यार्थियों को पर्यटन स्थलों के इतिहास की वृहद जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।
4. निमाड़-मालवा के संत सिंगाजी महाराज की जन्मस्थली खजूरी में शरद पूर्णिमा से दो दिवसीय आयोजन हो गया है। यहाँ आज भी एक लाख भक्त दर्शनार्थ पहुंचने की संभावना है।